**सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–12.06.2026 को अपराह्न 01:00 बजे से सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ VC के माध्यम से सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थितिः– VC के माध्यम से।

सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना द्वारा VC के माध्यम से उपस्थित सभी जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

1. **Inter State Transit Pass (ISTP) की समीक्षाः–**

- सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि ISTP के प्रावधानों का व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए ISTP पोर्टल में अधिक से अधिक वाहनों का निबंधन कराना सुनिश्चित करें।
- सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अन्य राज्यों से लघु खनिज लदे वाहनों की सघन जॉच करते हुए बिना Transit Pass के प्रतिदिन कम–से–कम 05 वाहनों की जप्ति कराना सुनिश्चित करें।
- सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि ISTP से संबंधित वाहनों की जॉच हेतु छापेमारी की संख्या बढ़ायें एवं अधिक समय तक सघन जॉच करें।
- ISTP से संबंधित वाहनों की जॉच में लापरवाही बरतने के लिए खनिज विकास पदाधिकारी, औरंगाबाद से स्पष्टीकरण पूछने का निदेश दिया गया।
- राज्य स्तर पर ISTP चालान के निर्गमन का pattern देखने से विदित होता है कि रात एवं दिन में लगभग समान रूप से चालान निर्गत हो रहे हैं। अतः दिन में भी सघन जॉच अभियान चलाया जाय।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

2. **सहयोग शिविर में प्राप्त होने वाले शिकायतों की समीक्षाः–**

- सहयोग शिविर में खान एवं भूतत्व विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निष्पादन यथाशीघ्र करने का निदेश सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी को दिया गया।

(अनुपालन :–सभी सहायक निदेशक/खनिज विकास पदाधिकारी)

**अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

ह0/–
(अवनीश कुमार सिंह)
सचिव

सं0सं0:– ..........3809................................/एम0, पटना, दिनांक :–..15/06/26

प्रतिलिपि :– सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/अपर सचिव कोषांग/सभी सहायक निदेशक/सभी खनिज विकास पदाधिकारी (मु0/क्षे0)/आई0टी0 प्रबंधक खान एवं भूतत्व विभाग को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

15/06/26

सरकार के अपर सचिव